भारत सरकार
खान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1710
दिनांक 03.08.2026 को उत्तर देने के लिए

महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी, विदेशी अधिग्रहण और आयात निर्भरता

1710. श्री प्रवीण चक्रवर्ती:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अब तक चरण-वार नीलाम किए गए महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की संख्या कितनी है, जिसमें सफलतापूर्वक आवंटित ब्लॉकों, पर्याप्त बोलियों के अभाव में निरस्त किए गए ब्लॉकों और जहाँ वास्तव में खनन अथवा अन्वेषण कार्य प्रारंभ हो चुका है, ऐसे ब्लॉकों का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है;
(ख) खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआईएल) द्वारा विदेशों में किए गए अधिग्रहणों तथा उस पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है, जिसमें अर्जेंटीना के कैटामार्का स्थित लिथियम ब्लॉकों से उत्पादन प्रारंभ होने की संभावित समय-सीमा का ब्यौरा भी शामिल है;
(ग) नवीनतम उपलब्ध वर्ष के लिए लिथियम, कोबाल्ट, निकेल तथा दुर्लभ मृदा तत्वों (रेयर अर्थ एलिमेंट्स) के आयात पर निर्भरता का अनुपात, मूल्य तथा मात्रा, दोनों के संदर्भ में कितना है; और
(घ) राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के ₹34,300 करोड़ के परिव्यय के मुकाबले अब तक जारी की गई तथा उपयोग की गई राशि का घटक-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क): खान मंत्रालय ने सात ट्रेंचों में नीलामी के लिए 88 विशिष्ट महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों को रखा है, जिनमें से 48 समेकित अनुज्ञप्ति और 08 खनन पट्टे सहित 56 ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है तथा 22 ब्लॉक निरस्त कर दिए गए हैं। खान मंत्रालय द्वारा नीलाम किए गए 48 समेकित अनुज्ञप्ति (सीएल) ब्लॉकों में से 21 ब्लॉकों में गवेषण

कार्यकलाप शुरू हो गए हैं। नीलाम और निरस्त किए गए ब्लॉकों का ट्रेंच-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख): खान मंत्रालय के अधीन खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) ने अर्जेंटीना के कैटामार्का प्रांत के एक सरकारी उद्यम कैमयेन के साथ अर्जेंटीना में 15,703 हेक्टेयर क्षेत्र में पांच लिथियम ब्राइन ब्लॉकों के गवेषण और खनन के लिए 0.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान कर एक गवेषण और विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अलावा, काबिल बोर्ड ने अगस्त 2023 में गवेषण और व्यवहार्यता अध्ययन और कैटामार्का में एक शाखा कार्यालय की स्थापना के लिए 25.71 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पांच वर्षीय बजट को अनुमोदित किया। अब तक, वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए किए गए अध्ययनों को पूरा करने के लिए, नॉन-इन्वेसिव गवेषण, वैधानिक शुल्क और कैटामार्का में काबिल के शाखा कार्यालय की स्थापना और रख-रखाव पर लगभग 10% बजट व्यय किया जा चुका है। वर्तमान परियोजना समय-सीमा के अनुसार, ब्लॉकों में गवेषण पूरा होने के आधार पर लिथियम उत्पादन शुरू करने की परिकल्पना की गई है।

(ग): भारत कई महत्वपूर्ण खनिजों, जैसे लिथियम, कोबाल्ट और निकल की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के तहत आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में दुर्लभ मृदा यौगिकों के कुछ उत्पादन की सूचना दी है और तदनुसार, आरईई के लिए आयात निर्भरता लगभग 60 प्रतिशत है।

(घ): एनसीएमएम के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए, खनिज पुनर्चक्रण के लिए वित्तीय प्रोत्साहन स्कीम, कौशल विकास और महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण पार्क जैसे विभिन्न मिशन घटकों के तहत व्यय के लिए 440 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

'महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी, विदेशी अधिग्रहण और आयात निर्भरता' के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को उत्तर देने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1710 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक

| ट्रेंच | सफलतापूर्वक नीलाम किए गए ब्लॉक | निरस्त ब्लॉक# |
|---|---|---|
| पहला | 06 | 14 |
| दूसरा | 04 | 14 |
| तीसरा | 04 | 03 |
| चौथा | 10 | 11 |
| पांचवां | 10 | 05 |
| छठा | 12 | 11 |
| सातवां | 10 | 09 |

#: इस सूची में ट्रेंच-वार निरस्त किए गए ब्लॉक शामिल हैं। तथापि, ट्रेंच के निरस्त किए गए ब्लॉकों को बाद के ट्रेंच में दूसरे प्रयास के ब्लॉक के रूप में शामिल किया जाता है और 56 ब्लॉकों की सूची में, इनमे से सफलतापूर्वक नीलाम किए गए ब्लॉक सम्मिलित है। अब तक, निरस्त किए गए ब्लॉकों की नेट संख्या 22 है।